तापमान

अधिकतम 43.0 डिग्री
न्यूनतम 29. 0 डिग्री

हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 24 अप्रैल 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

बिना पंजीयन नवीनीकरण, पीडीएस दुकान का संचालन कर रहे स्व सहायता समूह
2



## खबर संक्षेप

### ज्ञानभारतम राष्ट्रीय पाण्डुलिपि सर्वेक्षण: पाण्डुलिपियों का सर्वे और डिजिटलिकरण

**जांजगीर-चांपा।** संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा ज्ञानभारतम राष्ट्रीय पाण्डुलिपि सर्वेक्षण अभियान की पहल की गई है। जिसका उद्देश्य देश एवं राज्य में उपलब्ध प्राचीन एवं ऐतिहासिक पाण्डुलिपियों की सर्वे, सूचीकरण एवं संरक्षण सुनिश्चित करना है। इस अभियान के माध्यम से विभिन्न संस्थानों एवं निजी संग्रहों में संरक्षित पाण्डुलिपियों का व्यवस्थित सर्वेक्षण एवं डिजिटलीकरण किया जाएगा। मुख्य सचिव विकास शील ने विडिओ कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी कलेक्टर की बैठक ली एवं ज्ञानभारतम राष्ट्रीय पाण्डुलिपि सर्वेक्षण के संबंध मे आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इनमें प्राचीन ज्ञान, चिकित्सा, साहित्य, धर्म, विज्ञान एवं सामाजिक परंपराओं से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी निहित होती है। इनका संरक्षण आने वाली पीढ़ियों के लिए ज्ञान संरक्षण के लिए कार्य करने में सहायक होगी। वर्तमान परिस्थितियों में जलवायु, कीट एवं अनुचित रख-रखाव के कारण पाण्डुलिपियां नष्ट हो सकती है। जिसके लिए इनका वैज्ञानिक संरक्षण एवं डिजिटिलिकरण करना आवश्यक हो गया है।

### आंगनबाड़ी सहायिका पद पर भर्ती के लिए आवेदन 28 तक

**जांजगीर-चांपा।** एकीकृत बाल विकास परियोजना जांजगीर के जनपद पंचायत नवागढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत खोखरा के आंगनबाड़ी केन्द्र 6 में आंगनबाड़ी सहायिक के पद रिक्त होने के फलस्वरूप 18 वर्ष से 44 वर्ष के महिलाओं से 28 अप्रैल तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना जांजगीर नवागढ़ 2 ने बताया कि 8 वीं उत्तीर्ण संबंधित ग्राम के किसी भी अभ्यर्थी को आवेदन करना हो तो 28 अप्रैल तक वेबसाईट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### नैला रेलवे फाटक में आए दिन जाम से लोग हो रहे परेशान

**जांजगीर-चांपा।** जिला मुख्यालय के नेला रेलवे फाटक जो आये दिन ज्यादा समय तक बंद रहने से जाम की स्थिति बनी रहती है। जिसके कारण लोगों को आगे आने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। नैला रेलवे फाटक कन्हाई, पाली, सिवनी होते तक बिलासपुर पहुंचते है। वहीं दूसरी ओर दिनों में लोग बारिश में भीग जाते है। वहीं लोग जल्दीबाजी के चक्कर में फाटक पार कर अपनी जान जोखिम में डालते है।

### वाहनों की बेतरतीब पार्किंग से बिगड़ रही यातायात व्यवस्था

**जांजगीर-चांपा।** जिला मुख्यालय जांजगीर में वाहनों की बेतरतीब पार्किंग से यातायात व्यवस्था बिगड़ रही हे। लोग अपने वाहन को कही भी पार्क कर देते है। जिला मुख्यालय की सड़कों पर आजकल आवारा मवेशियों की संख्या में काफ़ी इजाफा देखने को मिल रहा है। यही मवेशी आजकल दुर्घटना का सबसे बड़ा कारण बने हुए है। जिले के प्रमुख सड़क सहित जिले के सड़कों पर मवेशियों का राज है।

### संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा रक्तदान शिविर आज

**जांजगीर-चांपा।** संत निरंकारी मिशन के द्वारा मानव एकता दिवस के अवसर पर गुरूवार 24 अप्रैल को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम प्रातः 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित होगा। इस रक्तदान शिविर का आयोजन संत निरंकारी सत्संग भवनजांजगीर थाना के पास, केरा रोड में किया जाएगा, जहां जिला अस्पताल जांजगीर की मेडिकल टीम द्वारा रक्त संग्रह एवं पूरी निगरानी मे किया जाएगा। शिविर से प्राप्त संपूर्ण रक्त संग्रह केवल जिला सहकारी अस्पताल, जांजगीर में जरूरतमंद मरीजों के उपयोग हेतु भेजा जाएगा।

### 40 मिनट का देना पड़ रहा 2 सौ रुपए शुल्क

# लंबे इंतजार के बाद शुरू हुआ स्वीमिंग पूल आम आदमी की पहुंच से दूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



जांजगीर स्थित स्वीमिंग पुल।

जिला मुख्यालय जांजगीर में लंबे इंतजार के बाद जैसे तैसे ओपन हुआ स्वीमिंग पुल आम आदमी की पहुंच से दूर हो गया है। दरअसल यहां प्रवेश की राशि इतनी अधिक हे कि सामान्य आदमी यहां परिवार तो दूर अकेले भी तैरने की सोच नहीं सकता। प्रति व्यक्ति 200 रुपए शुल्क निर्धारित है। जिसमें 40 मिनट का समय दिया जाता है। इसके अलावा हजार-डेढ़ हजार मासिक शुल्क के नीचे कोई गुंजाईश नहीं होती।

जिला मुख्यालय जांजगीर में कहने को तो स्वीमिंग पुल की औपचारिक शुरूआत पिछले साल से हो गई है, लेकिन लंबे इंतजार के बाद शुरू हुआ यह स्वीमिंग पुल आम आदमी की पहुंच से काफी दूर हो चला है। वर्तमान में यह स्वीमिंग पुल नगर पालिका द्वारा ठेका के माध्यम से संचालित किया जा रहा है। ऐसे में ठेकेदार द्वारा यहां जिस तरह का शुल्क निर्धारित किया गया है, वह आम आदमी की जेब पर भारी पडने लगा है। बताया जाता है कि यहां 40 मिनट तैराकी के लिए कोई पहुंचता है तो इसके लिए 200 रुपए जमा करके रसीद कटवानी पडती है। यानि 4-5 सदस्यीय एक परिवार यहां यदि स्वीमिंग करने के लिए पहुंचता है तो उसे 8 सौ से 1 हजार तक खर्च करने पड़ते है। इसके अलावा कहने को तो यहां मासिक शुल्क पर भी स्वीमिंग कराया जाता है, जिसमें प्रशिक्षक समेत 15 सौ और बगैर प्रशिक्षक के प्रति व्यक्ति 1 हजार रुपए का शुल्क निर्धारित किया गया है। यहां पर भी समय सीमा अधिकतम 40 मिनट निर्धारित की गई है। इस तरह से देखा जाए तो जिला मुख्यालय के इकलौते शासकीय स्वीमिंग पुल आम जनता के लिए कौड़ी काम का नहीं रह गया है। बताया जाता है कि यहां मनमाने तरीके से शुल्क निर्धारित किया गया है। उसके चलते यह स्वीमिंग पुल अफसरों और बडे लोगों के लिए ही एक तरह से सुरक्षित होकर रह गया है। निम्न वर्गीय तो दूर मध्यम वर्गीय भी परिवार के सदस्य भी यहां पहुंचने के बारे में सोच नहीं पाते।

उल्लेखनीय है कि स्वीमिंग पुल का निर्माण नगर पालिका द्वारा शासकीय मद से कराया गया है, ताकि शहर के आम आदमी को भी इसका लाभ मिल सके, लेकिन जिस तरह से यहां मनमाने तरीके से शुल्क निर्धारित किया गया है। उसके आधार पर आम जनता को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। यह स्वीमिंग पुल बड़े लोगों के लिए रिजर्व होकर रह गया है।

**बैठक में लेंगे निर्णय**

स्वीमिंग पुल का शुल्क ज्यादा होने की शिकायतें मिल रही है। जनप्रतिनिधियों ने भी शुल्क कम करने कहा है। आगामी बैठक में इस पर चर्चा होगी। इसके पश्चात जो भी रियायत दर होगी लागू करेंगे।

**-विक्रम भगत,**
सीएमओ, नपा जांजगीर नैला



जिला अस्पताल में युवक से पूछताछ करती पुलिस।

# पुलिस अधीक्षक कार्यालय में युवक ने खाया जहर, पहुंचा अस्पताल

## शिकायत पर कार्रवाई नहीं होने से किया आत्महत्या का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

एसपी कार्यालय जांजगीर में गुरुवार को एक युवक ने जहर खा लिया। अपनी फरियाद लेकर पहुंचे युवक ने किटनाशक दवा खाकर आत्म हत्या का प्रयास किया। पुलिस ने उसे जिला चिकत्सालय में भर्ती कराया है, जहाँ उसका उपचार जारी है। युवक की स्थिति खतरे के बाहर बताई जा रही है।

दरअसल ग्राम मड़वा में रहने वाले युवक टी आर साहू ने कुछ दिनों पहले एस पी आफिस मे एक लिखित शिकायत पत्र सौंपा था। युवक ने एक व्यक्ति द्वारा उसकी भाभी के एल आई सी बीमा की राशि निकालने साजिश करने का आरोप लगाया था। नामजद शिकायत करते हुए उसने मामले में कार्रवाई की मांग की थी। इसके बाद वह कई बार एस पी कार्यालय आ चुका था। शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं होने से युवक काफी नाराज था। गुरुवार 23 अप्रैल को दोपहर करीब 2 बजे वह एस पी कार्यालय पहुंचा। वह अपने साथ कीटनाशक दवा लेकर पहुंचा था। कुछ देर बाद युवक ने कीटनाशक दवा खा ली। वह मौके पर ही बेहोश होकर गिर पड़ा। मौके पर अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। पुलिस ने तत्काल उसे जिला अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में युवक का उपचार जारी है। उसकी स्थिति खतरे के बाहर बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि शिकायत की जांच और कार्रवाई नहीं होने से क्षुब्ध होकर युवक ने यह आत्मघाती कदम उठाया। इधर इस घटना से पुलिस महकमे मे हड़कंप मच गया है। पुलिस का कहना है कि युवक कि स्थिति सामान्य है, और उसके द्वारा की गई शिकायत की जांच की जा रही है।

**चल रही जांच**

युवक ने कुछ दिन पहले शिकायत का आवेदन दिया था। शिकायत की जांच चल रही है। युवक ने आज जहर खाने का प्रयास किया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसकी स्थिति अब सामान्य है।

**-उमेश कश्यप,**
एडिशनल एसपी, जांजगीर चाम्पा

# साइबर ठगी के लिए म्यूल अकाउंट खोलने वाले गिरोह का पर्दाफाश, बैंककर्मी समेत 4 आरोपी गिरफ्तार




पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

साइबर ठगी के लिए म्यूल अकाउंट खोलने वाले गिरोह का नवागढ़ पुलिस ने पर्दाफाश किया है। गिरोह ने 20 लाख से अधिक की साइबर ठगी कर ली थी। इसके लिए एच डी एफ सी बैंक राछाभाठा में फर्जी तरीके से 6 म्यूल अकाउंट खुलवाए गए थे। गिरोह में बैंक का एक कर्मचारी भी शामिल था। पुलिस ने बैंककर्मी समेत 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वहीं 4 अन्य खाताधारक आरोपी फरार हैं, जिनकी तलाश में पुलिस जुटी है।

नवागढ़ पुलिस ने साइबर ठगी करने वाले संगठित गिरोह का भंडाफोड़ किया है। गिरोह म्यूल अकाउंट खोलकर ठगी की वारदात करता था। पुलिस को म्यूल अकाउंट के संबंध में जानकारी प्राप्त हुई। नवागढ़ पुलिस द्वारा त्वरित विवेचना करते हुए हर पहलुओं की बारीकी से जांच की गई। जांच में पता चला कि एच डी एफ सी बैंक शाखा राछाभाठा नवागढ़ के 6 बैंक खातों में वर्ष 2023 एवं 2024 में साइबर धोखाधड़ी से प्राप्त कुल 20 लाख 40 हजार 244 रुपए जमा किए गए थे। पुलिस ने मामले में मुड़पार थाना नवागढ़ निवासी एच डी एफ सी बैंककर्मी टीकाराम श्रीवास पिता भागीरथी श्रीवास (उम्र 29 वर्ष), राछाभाठा थाना नवागढ़ निवासी ननकी गौड़ ( उम्र 25 वर्ष), बिर्रा निवासी गौतम देवांगन( उम्र 21 वर्ष), ठाकुरदिया थाना नवागढ़ निवासी राजेश्वर साहू (उम्र 31 वर्ष ) को गिरफ्तार किया है। वहीं मामले में 6 अन्य फरार खाताधारकों की तलाश की जा रही है।

**खास बात**

- 20 लाख से अधिक की कर चुके ठगी, 6 खाताधारक अभी भी फरार

**अपराध को ऐसे देते थे अंजाम**

गिरफ्तार आरोपी ननकी गौड़ ने बताया कि अपने अन्य साथी के साथ मिलकर लक्ष्मी वस्त्रालय के दुकानदार राजेश्वर साहू एवं एच डी एफ सी बैंक में काम करने वाले टीकाराम श्रीवास के साथ मिलकर लोगों को पैसे का प्रलोभन दिया। आधार कार्ड व अन्य दस्तावेज लेकर फर्जी तरीके से एच डी एफ सी बैंक में खाते खुलवाए गए। इन म्यूल अकाउंट में साइबर ठगी का पैसा मंगवाया जाता था जिसे टीकाराम श्रीवास व राजेश्वर साहू कमीशन पर निकालते थे।

## गर्मी में खिलखिला रहे सूरजमुखी के फूल...



**जांजगीर-चांपा।** सक्ती क्षेत्र में इन दिनों सूरजमुखी के फूल खिलखिला रहे है। सड़क किनारे लगे फूल सहसा ही राहगीरों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है।

### व्यापमं की मंडी उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा 26 को

**सक्ती।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल व्यापमं द्वारा 16 जिलों में 26 अप्रैल को छत्तीसगढ़ राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड अंतर्गत उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा 2026 का आयोजन किया जा रहा है। इस परीक्षा में लगभग 2 लाख 47 हजार अभ्यर्थी शामिल हो रहे हैं। जिलावार अभ्यर्थियों एवं परीक्षा केन्द्रों की संख्या संलग्न सूची के अनुसार है। यद्यपि यह परीक्षा 16 जिलों में आयोजित की जा रही है, तथापि इसमें राज्य के सभी 33 जिलों के अभ्यर्थी सम्मिलित हो रहे हैं। अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं, अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि वे परीक्षा के एक दिन पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र का अनिवार्य रूप से अवलोकन कर लेंवे।

# टेलीग्राम एप से दोगुना मुनाफा का झांसा देकर 27 लाख की ठगी, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



टेलीग्राम ऐप के माध्यम से निवेश पर दोगुना मुनाफा दिलाने का झांसा देकर एक युवक से 27 लाख की ठगी करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों को पुलिस ने औरंगाबाद से पकड़ा है।

चाम्पा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 32 वर्षीय राजेश कुमार सोनी ने अपने मोबाइल में टेलीग्राम एप डाउनलोड किया था। उसके पास 7 दिसंबर 2025 को एक युवती ने संपर्क कर निवेश पर भारी मुनाफा होने का लालच दिया। झांसे में आकर राजेश कुमार सोनी ने अलग-अलग तिथियों में आरटीजीएस, यूपीआई और एटीएम के माध्यम से विभिन्न बैंक खातों में कुल 27 लाख 26 हजार 614 जमा कर दिए। बाद में ठगी का एहसास होने पर उन्होंने साइबर थाने में शिकायत दर्ज कराई। जांच के दौरान एक बैंक खाते का सुराग मिला, जिसमें 42 हजार ट्रांसफर हुए थे। यह खाता उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक में संचालित पाया गया। इसी आधार पर पुलिस टीम औरंगाबाद पहुंची और आरोपी आवेज मसूद शेख को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपी ने अपने साथी अब्दुल वाहिद का नाम बताया। पुलिस ने दोनों को औरंगाबाद से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। मामले में एक अन्य आरोपी की तलाश जारी है।

## अवैध उत्खनन, परिवहन व भंडारण पर की जा रही कार्रवाई

# लालमाटी में अवैध रूप से भंडारित 50 ट्राली रेत जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती।



जब्त रेत का पहाड़

जिले में रेत के अवैध कारोबार पर नकेल कसने प्रशासनिक टीम द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में हसौद क्षेत्र के लालमाटी में अवैध रूप से डंप 50 ट्राली रेत की जब्ती की गई है।

जिले में अवैध खनिज गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए प्रशासनिक टीम इन दिनों एलर्ट मोड़ पर है। रेत के अवैध उत्खनन, भंडारण व परिवहन पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में तहसील हसौद के ग्राम लालमाटी में रेत के अवैध भंडारण पर बड़ी कार्यवाही की गई। राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर जांच के दौरान लगभग 50 ट्रिप ट्रैक्टर ट्राली रेत का अवैध भंडारण पाया, जिसे नियमों के तहत जब्त कर लिया गया। साथ ही ग्राम कोटवार को सुपुर्द किया गया और संबंधित लोगों के खिलाफ वैधानिक कार्यवाही की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने अधिकारियों को नियमित निरीक्षण करने और कार्यवाही के निर्देश दिए हैं।

### रेत के अवैध कारोबार में लिप्त 3 आरोपी भेजे गए जेल



**बम्हनीडीह।** बम्हनीडीह तहसील क्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन और परिवहन के खिलाफ प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। लगातार शांति भंग होने की संभावना को देखते हुए तहसीलदार द्वारा कठोर कदम उठाए गए और 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। बिलासपुर निवासी अरविंद पटेल, तिलकराम पटेल और देवेन्द्र प्रजापति के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जेल भेजा गया है। इस कार्रवाई से अवैध कारोबारियों में हड़कंप मच गया है और प्रशासन की सख्ती साफ दिखाई दे रही है। प्रशासन ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि अब केवल वाहन जब्ती ही नहीं बल्कि सीधे गिरफ्तारी कर जेल भेजने की कार्रवाई की जाएगी और यह अभियान आगे भी और अधिक सख्ती के साथ जारी रहेगा। पूरी कार्रवाई में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व चांपा पवन कोसमा, तहसीलदार शशिभूषण सोनी, नायब तहसीलदार संजय बरेठ, थाना प्रभारी कृष्णपाल सिंह, माइनिंग इंस्पेक्टर आर एल राजपूत सहित राजस्व अमला मौजूद रहा।

# कलेक्टर जनदर्शन में शिकायत के बाद भी नहीं हो रही कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरी-सारागांव

ग्राम पंचायत कुम्हारीकला में किए गए निर्माण कार्यों में अनियमितताओं की जनदर्शन में हुई शिकायत के बाद भी अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

जनपद पंचायत बम्हनीडीह अंतर्गत ग्राम पंचायत कुम्हारीकला के ग्रामीणों ने 10 मार्च को कलेक्टर जनदर्शन में पंचायत के विभिन्न निर्माण कार्यों में अनियमितता और भ्रष्टाचार की शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि सीसी रोड निर्माण के लिए 15वें वित्त से 2 लाख रुपए तथा डीएमएफ मद से 10 लाख रुपए स्वीकृत थे, जिसके तहत 300 मीटर सड़क बननी थी, लेकिन केवल लगभग 100 मीटर ही निर्माण किया गया। इसके अलावा बोर खनन एवं पंप स्थापना 1 लाख रुपए, हथनीन तालाब सफाई 1 लाख रुपए, नाली निर्माण 90 हजार रुपए, लघु सिंचाई आवास नाली निर्माण 1 लाख रुपए, हैंडपंप खनन 80 हजार रुपए, कंप्यूटर खरीदी 62 हजार रुपए तथा मजदूरी भुगतान 80 हजार रुपए सहित कई कार्यों में राशि आहरित कर ली गई, जबकि अधिकांश कार्य अधूरे या किए ही नहीं गए। डीएमएफ मद से सामुदायिक भवन निर्माण के नाम पर 2 लाख 60 हजार रुपए की पहली किस्त का भी गबन करने का आरोप लगाया गया है। ग्रामीणों के अनुसार इन शिकायतों की जांच के लिए मामला एसडीएम चांपा को सौंपा गया है, लेकिन लगभग डेढ़ माह बीत जाने के बाद भी जांच शुरू नहीं होने से लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

## खबर संक्षेप



### तपती गर्मी को देखते हुए पुलिस ने खोला पुलिस प्याऊ घर

**कोरबा।** चिलचिलाती धूप और भीषण गर्मी के बीच जिले की पुलिस ने सर्वमंगला चौक पर कुसमुंडा पुलिस और सर्वमंगला चौकी द्वारा आम राहगीरों और बेजुबान जानवरों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से पुलिस प्याऊ घर का शुभारंभ कुसमुंडा थाना प्रभारी मृत्युंजय पांडेय और सर्वमंगला चौकी प्रभारी विभव तिवारी की मौजूदगी में शुभारंभ किया गया। पुलिस प्याऊ घर से राहगीरों को ठंडा पेयजल मिलेगी इससे तपती दोपहरी में सफर करने वाले लोगों को काफी राहत मिल रही है। इसके अलावा बेजुबान जानवरों के लिए भी कोटना (पानी का पात्र) रखा गया है, जिससे मवेशी और अन्य पशु भी अपनी प्यास बुझा सकें। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। बड़ी संख्या में पौधों का वितरण कर लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया गया।

### शहीद प्रतिमा पर अतिक्रमण और गंदगी, होगा अनशन



**कोरबा।** बालको नगर में शहीद चंद्रशेखर आजाद चौक की प्रतिमा अतिक्रमण और गंदगी में घिरी है। बार-बार शिकायत के बावजूद प्रशासन निष्क्रिय। अधिवक्ता अब्दुल नफीस खान 24 अप्रैल को एक दिवसीय शांतिपूर्ण अनशन करेंगे। इस अपमान के विरुद्ध आवाज़ उठाते हुए बालको नगर के अधिवक्ता अब्दुल नफीस खान ने निर्णय लिया है कि वे 24 अप्रैल को प्रातः 9 बजे से शाम 6 बजे तक शहीद चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा के समक्ष एक दिवसीय शांतिपूर्ण अनशन पर बैठेंगे। इस अनशन की लिखित सूचना कलेक्टर एवं नगर निगम आयुक्त को दे दी गई है।

### जेसीआई सेंटल द्वारा स्पीच क्राफ्ट का आयोजन




**कोरबा।** जेसीआई कोरबा सेंट्रल द्वारा राष्ट्रीय प्रशिक्षण स्पीच क्राफ्ट का आयोजन 17 से 19 अप्रैल को एक निजी होटल में किया गया। प्रशिक्षण में वक्तत्व कौशल को निखारने, व्यक्तित्व विकास तथा कुशल प्रशिक्षक बनने हेतु छत्तीसगढ़ एवं ओडिशा से प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रशिक्षण हेतु पायलट फैकल्टी जेसी सीए ख्याति भंडारी, को-पायलट जेसी आर एस वी कृष्णा एवं जेसी आंचल पंजवानी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जेसी ई. राज अग्रवाल उपस्थित थे। कार्यक्रम में जेसीआई इंडिया के जोन 27 के अध्यक्ष जेसी सीए. प्रणव लाठ, जोन डायरेक्टर ट्रेनिंग जेसी अभिलाष अग्रवाल, जोन वाइस प्रेसिडेंट जेसी अंकित टमकोरिया, सहित अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का थीम पंचतत्व थी। सभी प्रतिभागियों को वक्तत्व कौशल निखारने हेतु प्रशिक्षण दिया गया। शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बच्चों ने पंचतत्व की थीम पर नृत्य प्रस्तुति किया। हास्य कवि हीरामणि वैष्णव के द्वारा स्टैंड-उप कॉमेडी प्रस्तुत किया गया। सभी प्रतिभागियों एवं प्रशिक्षकों के द्वारा ग्रुप डांस प्रस्तुत किया। प्रतिभागियों को व्यायाम एवं जुंबा कराया गया।

# पृथ्वी तथा पर्यावरण संरक्षण हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

न्यायसंगत भविष्य के लिए नवकरणीय ऊर्जा के उपयोग और पर्यावरण संरक्षण हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है ऐसा प्रयास करके हम असंख्य जीव, महासागर भूमि, पर्वत, पेड़ और पृथ्वी को बचा सकते हैं तथा ग्लोबल वार्मिंग को कम कर सकते हैं उक्त उद्गार विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर शाउमावि कोरकोमा में आयोजित व्याख्यान माला में रासेयो जिला संगठक वाय के तिवारी के द्वारा व्यक्त किए गए।

कार्यक्रम का शुभारंभ माता सरस्वती तथा प्रतीक पुरुष स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा वरिष्ठ स्वयंसेवक ओमप्रकाश के द्वारा सरस्वती वंदना से हुआ। वर्ष 1970 से अमेरिकी सीनेटर गेलार्ड निलसन की वैश्विक चिंता तथा सामूहिक प्रयास से 22 अप्रैल को विश्व पृथ्वी दिवस का प्रथम आयोजन संपन्न हुआ, आज दुनिया के 190 से अधिक देशों में सरकारों व अनेक संस्थाओं द्वारा जागरूकता हेतु आयोजन किया जा रहा है। मनुष्य अपने कार्यों से जाने-अनजाने पर्यावरण तथा प्रकृति को जो नुकसान पहुंचा रहा है उससे बचने के लिए व्यक्तिगत और सामूहिक स्तर पर प्रयास जरूरी है। रासेयो जिला संगठक ने उपस्थित शिक्षकों तथा रासेयो स्वयंसेवकों को जल, मृदा, सहित पृथ्वी संरक्षण तथा पर्यावरण संवर्धन हेतु अनेक प्रयासों को उपायों को अपनाने की अनिवार्यता बताई। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य दयाराम रंगारी व्याख्यातागण श्रीमती अभिलाषा विश्वकर्मा, सुरभि साहू, मनीषा देवांगन, प्रतिभा श्रीवास, लक्ष्मी ध्रुव आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन रासेयो स्वयंसेवक कविता व प्रवीण द्वारा तथा आभार ज्ञापन कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती नीता वर्मा द्वारा किया गया।

## कोरकोमा विद्यालय में पृथ्वी दिवस पर विविध आयोजन

**खास बात**

- पर्यावरण संरक्षण के लिए एनएसए चला रहा है स्कूल कालेजों में अभियान




## खाद्य विभाग ने आवेदन लेते समय केवल समूह का पंजीयन ही किया है अनिवार्य

# बिना पंजीयन नवीनीकरण, पीडीएस दुकान का संचालन कर रहे स्व सहायता समूह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

खाद्य विभाग की पीडीएस दुकानों का संचालन कर रहे कई स्व सहायता समूहों के पंजीयन का नवीनीकरण ही नहीं हुआ है। खाद्य विभाग ने भी ऐसे समूहों के पंजीयन के नवीनीकरण की जानकारी लेना भी जरूरी नहीं समझा। इस मामले का खुलासा कुछ पीडीएस दुकानों के खिलाफ हुई निलंबन की कार्रवाई के दौरान हुआ है।

**खास बात**

- नोटिस से समूहों में मचा हड़कंप, कई सालों से आडिट रिपोर्ट भी नहीं हुई जमा




फाइल फोटो

जिले में खाद्य विभाग के अंतर्गत 460 पीडीएस दुकानें संचालित हैं। जिसमें शहर में 67 दुकानें और शेष ग्रामीण दुकानों में संचालित हैं। दुकानों का संचालन शहरी क्षेत्र में प्राथमिक सहकारी उपभोक्ता भंडार के साथ महिला स्व सहायता समूहों के द्वारा किया जा रहा है। वहीं ग्रामीण अंचल में ग्राम पंचायतों, प्राथमिक शाख सहकारी समिति के साथ महिला स्व सहायता समूह के द्वारा किया जा रहा है। सबसे ज्यादा विवादास्पद मामले समूहों के द्वारा संचालित पीडीएस दुकानों को लेकर सामने आया है। हाल ही में खाद्य विभाग के द्वारा 4 दुकानों के के खिलाफ की गई निलंबन की कार्रवाई के दौरान यह जानकारी सामने आई कि समूहों का पंजीयन तो है किन्तु उनका नवीनीकरण नहीं हुआ है। बिना पंजीयन नवीनीकरण के ही दुकानें संचालित हो रही हैं। इससे राज्य सरकार को फर्म एवं सोसायटी के माध्यम से मिलने वाला 2000 रुपए का आडिट शुल्क की क्षति हो रही है। खाद्य विभाग अब ऐसे स्व सहायता समूहों को नोटिस जारी कर उनसे पंजीयन नवीनीकरण का दस्तावेज मांगा है। जिससे यह जानकारी सामने आ सकेगी कि कितने महिला स्व सहायता समूहों के पंजीयन का नवीनीकरण नहीं हुआ है। इस नोटिस से महिला स्व सहायता समूह में नवीनीकरण कराने को लेकर हड़कंप मचा है। शहरी क्षेत्र में संचालित पीडीएस दुकानों के समूहों के द्वारा नवीनीकरण के लिए चक्कर काटा जा रहा है। नगर निगम क्षेत्र में 25 और ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 70 समूह ऐसे सामने आए हैं जिनके पंजीयन का नवीनीकरण अभी लंबित है।

**लगेगी 2000 रुपए की पेनाल्टी**

फर्म सोसायटी के नियम के मुताबिक समूहों के पंजीयन दिनांक तक प्रति वर्ष नवीनीकरण कराना होता है। इसके लिए 2000 रुपए आडिट शुल्क जमा करना होता है। पंजीयन दिनांक तक अगर पंजीयन का नवीनीकरण नहीं कराया गया है तो उसके बाद पंजीयन की कराने की स्थिति में महिला समूह को 2000 रुपए प्रति वर्ष की दर से पेनाल्टी देना होगा। कई समूह ऐसे हैं जिन्होंने 2-3 साल से अपने पंजीयन का नवीनीकरण नहीं कराया है। उन्हें अब 6 से 8 हजार रुपए तक की पेनाल्टी पटाना पड़ेगा।

**नवीनीकरण अनिवार्य है**

किसी भी समिति का जिसके द्वारा पीडीएस दुकानों का संचालन किया जाता है, उसके पंजीयन का नवीनीकरण प्रति वर्ष कराना अनिवार्य है। ऐसे समूह और समिति की जानकारी ली जा रही है। जिसने अपने पंजीयन का नवीनीकरण नहीं कराया है।

-**घनश्याम कंवर**, जिला खाद्य अधिकारी

## सीएसईबी कॉलोनी में गिरा विशाल पेड़, पार्किंग शेड क्षतिग्रस्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर के कोरबा पूर्व स्थित सीएसईबी कॉलोनी में बुधवार को एक बड़ा हादसा टल गया। एसई-303 के पास खड़ा एक विशाल सरई का पेड़ अचानक गिर पड़ा, जिससे वहां बना वाहन पार्किंग शेड बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। पेड़ का कुछ हिस्सा सड़क तक फैल जाने से कुछ समय के लिए आवागमन भी प्रभावित हुआ। घटना के समय स्थल पर कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था, जिससे जनहानि टल गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार यदि यह घटना कुछ देर पहले या बाद में होती, तो गंभीर दुर्घटना हो सकती थी।

बताया जा रहा है कि उक्त स्थान कॉलोनी का व्यस्त क्षेत्र है, जहां रोजाना लोगों की आवाजाही और वाहनों की पार्किंग रहती है। ऐसे में पेड़ गिरने की घटना ने कॉलोनीवासियों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है। स्थानीय नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों का कहना है कि क्षेत्र में जर्जर एवं खतरनाक पेड़ों को लेकर पूर्व में कई बार संबंधित विभाग को अवगत कराया गया है। जनदर्शन में भी यह मामला उठाया जा चुका है, इसके बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। सूत्रों के अनुसार खतरनाक पेड़ों की छंटाई एवं हटाने के लिए राशि स्वीकृत होने के बावजूद कार्य शुरू नहीं हो सका है, जिससे विभागीय उदासीनता उजागर हो रही है। इधर, मानसून के नजदीक आते ही ऐसे हादसों की आशंका और बढ़ गई है। हर वर्ष आंधी-तूफान के दौरान पेड़ गिरने की घटनाएं सामने आती रही हैं, जिससे कॉलोनीवासियों में भय का माहौल बना हुआ है। वार्ड पार्षद राकेश वर्मा ने घटना पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह एक गंभीर चेतावनी है। उन्होंने संबंधित विभाग से शीघ्र कार्रवाई कर खतरनाक पेड़ों की छंटाई एवं हटाने की मांग की है। कॉलोनीवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि संभावित खतरे को देखते हुए तत्काल प्रभाव से आवश्यक कदम उठाए जाएं, ताकि भविष्य में किसी बड़े हादसे से बचा जा सके।

## अपहरण का नहीं बल्कि आपसी लेनदेन का निकला मामला

**कोरबा।** शहर में एक युवक के कथित अपहरण की खबर सोशल मीडिया में वायरल हुई थी जिसके बाद पुलिस की टीम एक्शन में आई और मामले की जांच की तो मामला आपसी लेनदेन का निकाला। दोनों पक्ष आपसी समझौते में लगे हुए थे। देर शाम तक इस मामले में किसी तरह की रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई है। पुलिस का कहना है कि शिकायत पर एफआईआर की जाएगी।

कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत निवासरत विजय नामक युवक के अपहरण किये जाने की खबर सोशल मीडिया में वायरल हुई थी जिसके बाद पुलिस तत्काल हरकत में आयी तो दोनों ही पक्ष थाना जा पहुंचे जहां आपसी समझौता पर दोनों पक्ष बात करते रहे। इस मामले को लेकर बालको थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच लेनदेन चलरहा था और लेनदेन को लेकर ही दोनों में ही कुछ विवाद की स्थिति निर्मित हुई थी। देर शाम तक दोनों पक्षों ने थाना में रिपोर्ट दर्ज नहीं करायी है। यदि रिपोर्ट दर्ज कराते हैं तो तत्काल एफआईआर लिखकर मामले में अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

## सीएसईबी प्लांट दर्री के एबीबी यार्ड से केबल चोरी करने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दर्री थाना क्षेत्र अंतर्गत कमलकांत ठाकुर ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 22 अप्रैल की सुबह लगभग 4 बजे कोई अज्ञात व्यक्ति सीएसईबी प्लांट के एबीबी यार्ड से 3 सौ मीटर पावर केबल को चोरी कर ले गया है। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर पतासाजी में जुट हुई थी। पतासाजी के दौरान थाना प्रभारी दर्री निरीक्षक आशीष कुमार सिंह सायबर सेल उप निरीक्षक अजय सोनवानी के मार्गदर्शन में सउनि संतोष कुमार ताण्डी द्वारा आरोपियों की पतासाजी किया गया और संदेही सुशील श्रीवास उर्फ ठाकुर, विशाल राव उर्फ लाली, जानसिंह प्रधान को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर घटना दिनांक को सीएसईबी प्लांट के एबीबी यार्ड से 3सौ मीटर पावर केबल को चोरी करना स्वीकार किया गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से तांबा का केबल वायर 3सौ मीटर लगभग कीमती 75 हजार रुपए, तांबा केबल वायर को जप्त किया गया। पकड़े गए आरोपी राजीव नगर दर्री निवासी सुशील श्रीवास उर्फ ठाकुर पिता गोवर्धन श्रीवास उम्र 43 वर्ष, धनवारपारा कल्मीडुग्गु दर्री निवासी विशाल राव उर्फ लाली पिता अर्जुन राव उम्र 22 वर्ष, एवं पुरानी बस्ती दर्री निवासी जान सिंह प्रधान पिता उदय प्रधान उम्र 26 वर्ष को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा दिया गया है। वहीं मामले के अन्य आरोपी किशन कुमार गोंड़ उर्फ गोलू एवं एक अन्य युवक की जो घटना दिनांक से फरार है जिनकी पतासाजी की जा रही है।



चोरी गए केबल के साथ पकड़े गए आरोपी।

**नाबालिक सहित एक आरोपी गिरफ्तार**

बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत रामकुमार साहू ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 19 व 20 अप्रैल की रात्रि में किसी अज्ञात चोर द्वारा उसके मकान के अंदर घुसकर किचन में रखें इंडियन गैस का सिलेंडर, बच्चों का छोटा साइकिल एवं उसके पड़ोसी तुष्यंत कुमार साहू के घर के आंगन में रखे किर्लोस्कर कंपनी का छोटा टुल्लू पंप, इंडियन गैस एवं एक सिल्वर का सीढ़ी की चोरी कर लिया है। मामले में पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर पतासाजी की जा रही थी। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर तीन युवक चोरी करते दिखे जिन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी परसाभाठा बालको निवासी मनोज यादव उर्फ मोनू यादव पिता शिवचरण यादव उम्र 20 वर्ष एवं दो नाबालिकों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।

## क्षेत्रीय श्रम आयुक्त ने एसईसीएल प्रबंधन से मांगी विस्तृत कार्यवाही रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राष्ट्रीय कालरी वर्कर्स फेडरेशन द्वारा एसईसीएल में व्याप्त ठेका श्रमिकों की समस्याओं को लेकर एक निर्णायक कदम उठाया गया है भारत सरकार कॉन्ट्रैक्ट लेबर एक्ट और एनसीडब्ल्यूए के प्रावधानों के उल्लंघन के विरोध में यूनियन द्वारा उठाए गए औद्योगिक विवाद पर 21 अप्रैल को क्षेत्रीय श्रम आयुक्त (केन्द्रीय) बिलासपुर के समक्ष एक महत्वपूर्ण संयुक्त बैठक संपन्न हुई।

यूनियन के महामंत्री भागवत प्रसाद दुबे ने एसईसीएल प्रबंधन के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ठेका श्रमिकों की दयनीय स्थिति पर विस्तार से चर्चा की और गंभीर आपत्तियां दर्ज कराईं जिसमें स्थायी और नियमित प्रकृति के कार्यों में ठेका श्रमिकों का नियोजन पूरी तरह अवैध है ये श्रमिक वही कार्य कर रहे हैं जो विभागीय कर्मचारी करते हैं फिर भी इन्हें उचित दर्जा नहीं दिया जा रहा। ठेका श्रमिकों का वेतन नियमित मजदूरों से भी कम है उन्हें न तो वेतन पर्ची दी जाती है और न ही उनके पास कर्मचारी होने का कोई पुख्ता सबूत है। श्री दुबे ने मांग की कि श्रमिकों को एचपीसी वेतन के बजाय एनसीडब्ल्यूए वेतन मिलना चाहिए और उन पर एसईसीएल की सेवा शर्तें लागू होनी चाहिए। कॉन्ट्रैक्ट लेबर सेंट्रल रूल्स के नियम का हवाला देते हुए इन्हें एनसीडब्ल्यूए वेतन का हकदार बताया। मामले की गंभीरता को देखते हुए क्षेत्रीय श्रम आयुक्त ने प्रबंधन को सख्त निर्देश दिए हैं प्रबंधन को अगली तारीख तक इन सभी बिंदुओं पर एक विस्तृत कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया है। भागवत प्रसाद दुबे ने कहा कि यह लड़ाई लंबी है उन्होंने स्पष्ट किया कि नौकरी से निकाले गए लोगों की पुनर्नियुक्ति पहली प्राथमिकता है कुछ मामले स्थानीय स्तर पर और कुछ केंद्र सरकार/मुख्य श्रम आयुक्त के स्तर पर सुलझाए जाएंगे ठेका श्रमिकों के बुनियादी अधिकारों के लिए माननीय उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। बैठक में प्रमुख रूप से क्षेत्रीय श्रम आयुक्त (केन्द्रीय) के बिलासपुर स्थित कार्यालय में आरसीडब्ल्यूएफ की ओर से महामंत्री भागवत प्रसाद दुबे, वरिष्ठ उपाध्यक्ष दयावन्त दुबे, बिजुरी, शीतल, टब रिपेयरिंग मजदूर, हसदेव क्षेत्र, देवशरण और शिवकुमार पटेल तथा भोला बिजुरी मध्य प्रदेश से और छत्तीसगढ़ से संतोष कुमार चौहान आदि उपस्थित थे।



बैठक में उपस्थित श्रमिक संघ के पदाधिकारी व सदस्य।

**12 सूत्रीय मांगों को लेकर खोला मोर्चा**

महामंत्री ने 12 प्रमुख बिंदुओं पर प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया जिनमें अंडरग्राउंड अलाउंस और रोजगार कार्ड की सुविधा, नियुक्ति पत्र और नियमित वेतन पर्ची का वितरण, साप्ताहिक अवकाश और अवकाश के दिन कार्य करने पर ओवरटाइम का भुगतान, बिना विभागीय कार्रवाई के नौकरी से निकालने पर रोक, मेडिकल कार्ड, सुरक्षा उपकरण और अनिवार्य रूप से फॉर्म-बी भरा जाना, केवल 8 घंटे की शिफ्ट में कार्य सुनिश्चित करना शामिल है।

## लालघाट में मिला शव पुलिस जुटी जांच में

**कोरबा।** बुधवार की देर शाम बालको लाल घाट में एक व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। बताया जा रहा है कि शव किसी उतरा कुमार कश्यप के नाम के व्यक्ति का है वह सुबह से ही घर से निकला हुआ था और वह नशे का आदी था। ऐसी संभावना जताई जा रही है कि अधिक शराब सेवन से उसकी मौत हुई होगी। मामले में पुलिस ने रात्रि होने से उतरा कुमार कश्यप का शव को जिला अस्पताल के मर्चुरी में रखवा दिया है। गुरुवार को परिजनों की उपस्थिति में पीएम कराया जाएगा। पुलिस ने बताया कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो पाएगा।

## क्षतिग्रस्त राखड़ बांध का रेस्टोरेशन कार्य जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के झाबू स्थित राखड़ बांध में अचानक दबाव बढ़ने से राखड़ बांध फूट गया था जिसके बाद प्रबंधन द्वारा राखड़ बांध के क्षतिग्रस्त तटबंध का मरम्मत कार्य शुरु किया गया। प्रबंधन द्वारा राखड़ बांध के रिस्टोरेशन का कार्य भी युद्धस्तर किया जा रहा है। संभावना जताई जा रही है कि आने वाले दिनों में जल्द ही बांध का रिस्टोरेशन का कार्य पूरा कर लिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि 1340 मेगावाट विद्युत उत्पादन क्षमता वाले हसदेव ताप विद्युत संयंत्र से उत्सर्जित राख के विस्थापन के लिए झाबू में राखड़ बांध का निर्माण किया गया है। कुछ दिनों पूर्व अचानक राखड़ बांध का तटबंध क्षतिग्रस्त हो गया था जिसकी वजह से आसपास के क्षेत्रों में राखड़युक्त मलबा फैल गया था। घटना के बाद तत्काल प्रबंधन के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और आनन फानन में मरम्मत कार्य शुरु किया गया।

## हाथियों का झुंड कर रहा विचरण

**कोरबा।** कटघोरा वनमंडल के जटगा रेंज में हाथियों की मौजूदगी लगातार बनी हुई है। अब तक जटगा बिट के मेढ़उड़ पहाड़ पर 48 हाथियों का झुंड डेरा डाला हुआ था लेकिन बीती रात यह झुंड पहाड़ के रास्ते आगे बढ़कर मुकुवा क्षेत्र में पहुंच गया।

जाँजगीर मार्केट

फर्नीचर, इमारती, सेंट्रींग लकड़ी थोक में
सेंट्रींग प्लाई, बल्ली बांस, राफ्टर बेड़ी दरवाजे, चौखट, खिड़की, तखत, टेबल टी, दीवान, पलंग, आलमारी, शोफासेट, स्टेडी टेबल, अन्य आधुनिक फर्नीचर कम दर में प्राप्त करें।
डीलर: अग्नि शामक यंत्र फायर सेफ्टी के विक्रेता।
विशेष: सेन्ट्रींग की लकड़ी फर्मा किराये में उपलब्ध।
शंकर सिंघानिया: मो.9302362173
आदित्य सिंघानिया: मो. 6260115021
नेताजी चौक, लिंक रोड, जांजगीर

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666

**कार्यालय नगरपालिका परिषद् चांपा, जिला जॉजगीर-चांपा (छ.ग.)**
E-Mail ID-cmochampa@rediffmail.com, cmochampanp@gmail.com

क्रमांक/380/ लो.नि.वि./ न.पा./2026-27 चांपा, दिनांक 23/04/2026

**// सार्वजनिक सूचना //**

नगरपालिका परिषद चांपा क्षेत्रांतर्गत वार्ड नं. 21 राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे कालोनाईजर में. ओम सिटी प्रो. श्रीमती उमा देवांगन निवासी चांपा द्वारा प.ह.नं. खसरा नं. 15000/1 कुल रकबा 0.280 हे. मे प्रस्तावित आवासीय कालोनी के लिए विकास कार्य प्रारंभ करने की अनुमति कार्यालय सहायक संचालक नगर तथा ग्राम निवेश क्षेत्रीय कार्यालय जांजगीर चांपा का पत्र क्र. 84/वि.अनु./प्र.क/न.ग्रा.नि./2023 जांजगीर दिनांक 12.01. 2023 को जारी कालोनी विकास फेस 02 अनुज्ञा अनुसार नगरपालिका परिषद चांपा द्वारा कार्यालयीन पत्र क्र. 4776/कालोनी विकास/अ.नु./2023 चांपा दिनांक 24.03.2023 द्वारा कालोनी विकास फेस 02 की अनुमति दी गई है तदनुसार कुल 8 प्लाट मे से क्रमांक 06 एक प्लाट को कालोनी विकास फेस 02 के लिये बंधक रखा गया है, उनके द्वारा कालोनी का आंतरिक विकास कार्य पूर्ण कर बंधक भूखण्ड मुक्त करने हेतु मांग किया गया है। तत्संबंध मे किसी व्यक्ति / संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के एक सप्ताह अर्थात 30.04.2026 तक नगरपालिका परिषद चांपा कार्यालय मे उपस्थित होकर अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि तथा प्रदत्त समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगरपालिका परिषद् चांपा**

**न्यायालय तहसीलदार उपतहसील राहौद जिला जांजगीर चाम्पा (छ.ग.)**
**//सूचना पत्र//**
क्रमांक/345/वाचक/तह./2026
राहौद दिनांक 22/04/2026

प्रति, 1. टेकराम पिता स्व. प्यारेलाल केशरवानी 2. प्रेमलता पिता स्व. प्यारेलाल केशरवानी 3. अमरीका पिता स्व. प्यारेलाल केशरवानी 4. राजेन्द्र पिता स्व. घासीराम केशरवानी 5. ईश्वरी पिता स्व. घासीराम केशरवानी 6. कृष्ण कुमार पिता स्व. घासीराम केशरवानी 7. हरि पिता स्व. घासीराम केशरवानी 8. ममता पिता स्व. घासीराम केशरवानी 9. संजू पिता स्व. गोपी केशरवानी 10. मीनाक्षी पिता स्व.गोपी केशरवानी 11. शिवरात्रि पिता स्व. भागवत 12. राजेश पिता स्व. भागवत सभी की जाति बनिया साकिन सुकुलपारा खरौद तहसील पामगढ़ जिला जांजगीर चाम्पा (छ.ग.)

विषय:- न्यायालय में उपस्थित होने बाबत रा.प्र.क्र. 202601063000019/अ-27।

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख हैं कि इस न्यायालय में आवेदक गजाधर पिता स्व. प्यारेलाल केशरवानी जाति बनिया साकिन सुकुलपारा खरौद तहसील पामगढ़ जिला जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) के द्वारा ग्राम मांझापारा खरौद प.न.नं. 34 तहसील पामगढ़ में अवस्थित ख.नं. 51/5, 52, 279/1, रकबा 0.158 हे 0.1620 हे 0.3400 हे. भूमि स्थित हैं। जिसका आपसी सहमति से खाता विभाजन कराना चाहता हैं।

उक्त भूमि के खाता विभाजन हेतु इस न्यायालय में दिनांक 29/04/2026 को सुनवाई हैं। इस हेतु आपको सूचित किया जाता हैं कि उक्त दिवस को न्यायालय तहसीलदार राहौद में सुबह 10.00 बजे उपस्थित होवे। जवाब पेश नही किये जाने पर प्रकरण में एकपक्षीय कार्यवाही की जाएगी।

**तहसीलदार, राहौद**



# हिस्टोरिकल थ्रिलर फिल्म में राणा के साथ नजर आएंगे अक्षय

**मुंबई।** बॉलीवुड के एक्टर अक्षय कुमार 'भूत बंगला' की कामयाबी से खुश हैं। खबरें हैं कि वह जल्द ही एक बड़े बजट की हिस्टोरिकल थ्रिलर फिल्म में काम करने वाले हैं। उनके साथ साउथ के कलाकार राणा दग्गुबाती होंगे। इस प्रोजेक्ट को लेकर अभी से काफी चर्चा हो रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस फिल्म के निर्देशक चंदू मोंडेती होंगे। राणा दग्गुबाती एक महत्वाकांक्षी हिस्टोरिकल थ्रिलर फिल्म में लीड रोल निभाएंगे। इसकी कहानी उज्जैन के रहस्यमयी बैकग्राउंड पर आधारित होगी। इस फिल्म की कास्ट में अक्षय कुमार भी शामिल हो गए हैं। मेकर्स ने एक बड़ा सरप्राइज भी छिपाकर रखा है। इस बड़े प्रोजेक्ट को करण जौहर का धर्मा प्रोडक्शंस सपोर्ट कर रहा है।

लाइफ Style



# कृतिका

## मुझे किसी पर डिपेंड होने की जरूरत नहीं

एजेंसी ▶▶ मुंबई

कृतिका कामरा ने कॅरियर की शुरुआत टीवी सीरियल से की थी, वह टीवी की टॉप एक्ट्रेसेस में से एक थीं, लेकिन अचानक ही सब कुछ छोड़ दिया। टीवी से फिल्मों और वेब सीरीज की तरफ रुख किया। धीरे-धीरे वह यहां भी अपनी अलग पहचान बना चुकी हैं।

हालिया रिलीज सीरीज मटका किंग में वह विजय वर्मा के अपोजिट नजर आईं। साथ ही टीवी प्रेजेंटर गौरव कपूर से की गई उनकी सादगी भरी शादी भी खूब चर्चा में रही। अपने लाइफपार्टनर गौरव कपूर के बारे में कृतिका कहती हैं, 'अब मैं अपने आप को ज्यादा फ्री महसूस करती हूं। मैं लोगों की उम्मीदों पर खरी उतरने के लिए फैसले नहीं लेती हूं। मैं अपनी कंपनी एंज्वॉय करती हूं। मैं इमोशनली और फाइनेंशियली इंडिपेंडेंट हूं। मुझे किसी पर डिपेंड होने की जरूरत नहीं है। गौरव भी मेरी तरह के इंसान हैं, वो भी सेल्फ मेड हैं। उन्होंने बहुत कम उम्र में काम करना शुरू किया और अपनी लाइफ खुद बनाई। वो मेरी जर्नी को समझते हैं। हम दोनों अपने अपने तरीके से इंडिपेंडेंट लोग हैं और अब एक हो गए हैं। अभी शादी को एक महीना ही हुआ है, लेकिन ऐसा नहीं लगा कि बहुत कुछ बदल गया है। मैं जो जिम्मेदारियां पहले निभा रही थीं, वहीं हम दोनों मिलकर निभा रहे हैं।' अपने कॅरियर के शुरुआती दिनों को याद करते हुए कृतिका बताती हैं, 'मैं एक छोटे शहर से आती हूं, जहां दूर-दूर तक किसी का एक्टिंग या फिल्मी दुनिया से कोई लेना-देना नहीं था। मेरी मम्मी प्रिंसिपल हैं और पापा डॉक्टर हैं।

हॉलीवुड मसाला



# इंडिया में परफॉर्म करेंगे मशहूर रैपर

**लॉस एंजिल्स।** म्यूजिक लवर्स के लिए एक बड़ी खबर सामने आई है। मशहूर रैपर कान्ये वेस्ट अब जल्द ही भारत में परफॉर्म करने वाले हैं। रैपर कान्ये वेस्ट कई देशों में अपने कॉन्सर्ट करते हैं और वहां परफॉर्म करते हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, कान्ये वेस्ट का इंडिया डेब्यू कॉन्सर्ट कन्फर्म हो गया है। पहले यह कॉन्सर्ट मार्च में होने वाला था, लेकिन कुछ अंतरराष्ट्रीय हालातों के चलते इसे पोस्टपोन कर दिया गया था। अब नई तारीख के साथ यह शो फिर से तय कर दिया गया है।




# डेविल वियर्स प्राडा 2 में हटाया सिडनी का कैमियो

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड फिल्म 'द डेविल वियर्स प्राडा 2' जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में हॉलीवुड एक्ट्रेस सिडनी स्वीनी का एक कैमियो भी था, जिसे फाइनल कट में हटा दिया गया है। हॉलीवुड फिल्म 'द डेविल वियर्स प्राडा 2' के जरिए मेरिल स्ट्रीप और ऐनी हैथवे 20 साल बाद बड़े पर्दे पर साथ नजर आएंगी। इस फिल्म में कई एक्टर्स, सिंगर ने छोटे-बड़े रोल किए हैं। एक्ट्रेस सिडनी स्वीनी का भी फिल्म में कैमियो था, जिसे फाइनल एडिटिंग में हटा दिया गया है। सिडनी स्वीनी ने फिल्म 'द डेविल वियर्स प्राडा 2' के लिए कुछ सीन्स शूट किए थे। इसमें वह अपना ही किरदार निभाने वाली थीं। इस सीन में एमिली ब्लंट का किरदार एमिली चार्लटन, सिडनी को स्टाइल करता हुआ दिखता है। लेकिन इस सीन को एडिटिंग के दौरान हटा दिया गया है। अब सिडनी फिल्म में कैमियो रोल में नजर नहीं आएंगी।



# शादी की 55वीं सालगिरह पत्नी पर लुटाया प्यार

**मुंबई।** बॉलीवुड के दिग्गज निर्माता और निर्देशक राकेश रोशन ने बुधवार को अपनी पिंकी को शादी की सालगिरह पर शुभकामनाएं दी हैं। इस खास अवसर पर उन्होंने पत्नी पिंकी रोशन के लिए सोशल मीडिया पर एक खास नोट भी लिखा है। राकेश रोशन ने इंस्टाग्राम पर अपनी दो खास तस्वीरें शेयर की हैं। पहली तस्वीर में राकेश अपनी पत्नी पिंकी के साथ एफिल टावर को निहारते नजर आ रहे हैं। इस पहली तस्वीर में दोनों के चेहरे नजर नहीं आ रहे हैं। वहीं, दूसरी तस्वीर में राकेश और पिंकी किसी खास जगह पर एक साथ पोज देते नजर आ रहे हैं। फिल्म निर्माता राकेश रोशन ने इंस्टाग्राम पर पत्नी पिंकी के साथ कुछ पुरानी तस्वीरें शेयर की हैं। उन्होंने इसके साथ कैप्शन में लिखा, 'हमने शादी के 55 साल साथ बिताए हैं। अब भी हम एफिल टावर से ज्यादा मजबूती से खड़े हैं।



# मिर्जापुर- दू मूवी में दमदार कहानी

**मुंबई।** मिर्जापुर वेब सीरीज को लोगों से खूब प्यार मिला है। वेब सीरीज के तीन सीजन आ चुके हैं, और अब चौथा बन रहा है। हालांकि, सीजन 4 की रिलीज डेट का फिलहाल खुलासा नहीं है। इससे पहले मिर्जापुर द मूवी को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है और इसे 4 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज किया जा सकता है। मिर्जापुरः द मूवी में पुराने किरदारों के साथ नई कहानी, ज्यादा एक्शन और मजबूत महिला किरदार देखने को मिलेंगे, जो इस फिल्म को और खास बना सकते हैं। इस फिल्म में एक बार फिर पंकज त्रिपाठी (कालीन भैया), अली फजल (गुड्डू पंडित) और दिव्येंदु शर्मा (मुन्ना भैया) जैसे फेमस किरदार नजर आएंगे। इस बार फिल्म में फीमेल किरदारों को भी काफी मजबूत तरीके से दिखाया जाएगा।


टीवी मसाला



# क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 में लौटने वाला है खतरनाक विलेन

**नई दिल्ली।** टीवी इंडस्ट्री का आइकॉनिक शो 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' एक बार फिर चर्चा में हैं। इसका नया सीजन भी फैंस के बीच उतना ही पॉपुलर है, जितना पहला सीजन था. जैसे-जैसे शो आगे बढ़ रहा है, वैसे-वैसे पुराने किरदारों और उनसे जुड़ी खबरें सामने आ रही हैं। खास तौर पर आकाशदीप सैगल का नाम फिर से सुर्खियों में आ गया है, जिन्होंने पहले सीजन में अपने अलग अंदाज से दर्शकों पर गहरी छाप छोड़ी थी। आकाशदीप सैगल ने इसमें पहले अंश गुजराल का किरदार निभाया था, जिन्होंने एक खतरनाक और यादगार विलेन के रूप में पहचान बनाई। बाद में जब कहानी में उनके किरदार का अंत हो गया, तो उन्होंने उसी शो में एकलव्य गुजराल के रूप में वापसी की, जो अंश का बेटा था। एक ही शो में पिता और फिर बेटे का रोल निभाना टीवी की दुनिया में बहुत अनोखी बात मानी जाती हैं। अब जब 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' भी दर्शकों के बीच बहुत पसंद किया जा रहा है, तो आकाशदीप ने भी इसके रिवाइवल को लेकर अपनी खुशी जाहिर की हैं। हालांकि, अभी तक ये साफ नहीं है कि वो नए सीजन में नजर आएंगे या नहीं। बता दें कि ये सीरियल एकता कपूर का सक्सेसफुल प्रोजेक्ट रहा है, जिसने एक दौर में टीवी की दुनिया पर राज किया था. इसने कई कलाकारों को पहचान दिलाई और घर-घर में अपनी खास जगह बनाई। अब इतने सालों बाद भी जब इसका नया सीजन रिलीज हुआ, तो ये दर्शकों की उम्मीदों पर खड़ी उतरी हैं।

## पार्थ ने सोशल मीडिया से लिया ब्रेक



**नई दिल्ली।** पॉपुलर टीवी एक्टर पार्थ समथान इस वक्त गुस्से से आगबबूला हैं और उन्होंने सोशल मीडिया से ब्रेक ले लिया है। पार्थ ने कहा कि सोशल मीडिया पर उनके साथ-साथ परिवार को भी टारगेट किया जा रहा है, काफी उल्टा-सीधा बोला जा रहा है। पार्थ ने कहा कि उन्हें पता है कि इसके पीछे किसका हाथ है, पर वह नाम नहीं बताएंगे। पार्थ समथान का कहना है कि फर्जी और बोट अकाउंट्स के जरिए उन्हें ऑनलाइन हैरेसमेंट का शिकार बनाया गया। 35 वर्षीय पार्थ समथान ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक पोस्ट लिखा, जिसमें उन्होंने गुस्सा निकालते हुए ऐलान किया कि वह कुछ समय के लिए सोशल मीडिया से ब्रेक ले रहे हैं। पार्थ ने बताया कि मौजूदा सिचुएशन ने उन्हें बुरी तरह प्रभावित किया है, जबकि वह पॉजिटिव और शांत रहने की काफी कोशिश कर रहे हैं। पार्थ समथान ने बताया कि कुछ लोग फेक अकाउंट के जरिए सोशल मीडिया पर उनके परिवार को टारगेट कर रहा है, उन्हें उल्टा-सीधा बोल रहे हैं।

# शेखर ने खोली फिल्म एकेडमी खुद तैयार किया एक्टिंग कोर्स



**नई दिल्ली।** एक्टर शेखर सुमन अब युवाओं को एक्टिंग सिखाएंगे। हाल ही में उन्होंने शेखर सुमन फिल्म एकेडमी लॉन्च की है। यह एक नया एक्टिंग इंस्टीट्यूट है, जिसका मकसद अगली पीढ़ी के कलाकारों और कहानीकारों को ट्रेनिंग देना है।शेखर सुमन अपनी फिल्म एकेडमी के बारे में कहते हैं, 'मेरे लिए यह एकेडमी सिर्फ एक इंस्टीट्यूट नहीं है। यह उस कला को कुछ वापस देने का एक बहुत ही निजी तरीका है, जिसने मुझे सब कुछ दिया है। इन वर्षों में एक्टिंग ने मुझे अनुशासन, कल्पनाशीलता, जीवन में मजबूत रहने के गुण सिखाए हैं। वह आगे कहते हैं, 'इस एकेडमी के लिए मैंने खुद एक्टिंग कोर्स डिजाइन किए हैं। इसके हर पहलू पर खुद नजर रखी है। मुझे उम्मीद है कि मैं यह सीख अगली पीढ़ी के एक्टर्स तक पहुंचा पाऊंगा। इस एकेडमी के जरिए मुझे उम्मीद है कि मैं कुछ ऐसा बना पाऊंगा जो सिर्फ ट्रेनिंग से कहीं बढ़कर हो और यहां आने वाले हर स्टूडेंट के लिए एक सच्ची क्रिएटिव जर्नी बन जाए।' इस फिल्म एकेडमी में शेखर के बेटे और एक्टर अध्ययन सुमन भी अहम भूमिका निभाएंगे। वह एकेडमी के संस्थापक और डायरेक्टर के तौर पर काम करेंगे। शेखर सुमन ने अपने चार दशक के कॅरियर में टीवी, फिल्म और ओटीटी पर खूब काम किया है। अलग-अलग तरह के किरदार निभाए हैं। पिछले साल वह संजय लीला भंसाली की सीरीज हीरामंडी में नजर आए थे। साथ ही बतौर प्रोड्यूसर भी उन्होंने कुछ फिल्में बनाई हैं।

# लल्ला लल्ला लोरी ने बच्चों का बचपन बना दिया खास

**नई दिल्ली।** हिंदी फिल्मों में बच्चों के लिए कई गाने बनाए गए। कई ऐसी लोरियां जिन्हें सुने बिना बच्चों को नींद नहीं आती है। फिल्मों में इन गीतों की अलग जगह है। वहीं, असल जिंदगी में ये गाने बेहद खास बने हुए हैं। एक ऐसा ही गाना है 'लल्ला लल्ला लोरी'। बचपन से लेकर अभी तक इस गाने के कई वर्जन आपने सुने होंगे। अब तो बच्चों को एंटरटेन करने के लिए इस गाने पर कई कार्टून वाले वीडियो मौजूद हैं। लेकिन, क्या 'लल्ला लल्ला लोरी' लोरी लिखने वाले गीतकार के बारे में जानते हैं? फिल्म में इस गाने को दो अलग तरह से इस्तेमाल किया गया और दोनों ही वर्जन बेहद खास है।



## दूध में बताशा, जीवन खेल तमाशा

1977 में फिल्म आई थी मुक्ति। इस फिल्म में शशि कपूर, संजीव कुमार और विद्या सिन्हा जैसे एक्टर्स लीड रोल नजर आए थे। फिल्म के पहले भाग में एक पिता अपनी बेटी पिंकी के लिए गाना गाता है 'लल्ला लल्ला लोरी दूध की कटोरी, दूध में बताशा मुन्नी करे तमाशा'। वहीं, फिल्म के दूसरे भाग में कहानी एक दुखी मोड़ दे गुजर रही होती है। इसलिए, इस गाने का दुखद वर्जन सुनाया जाता है जिसके लिरिक्स कुछ बदल जाते हैं। दूसरे भाग में सुनाया गया ये गाना होता है ''लल्ला लल्ला लोरी दूध की कटोरी, दूध में बताशा, जीवन खेल तमाशा'।

## हर बच्चों की याद बना ये गाना

फिल्म में शशि कपूर के लिए गाया गया ये गाना मुकेश की आवाज में रिकॉर्ड हुआ था और इसका सैड वर्जन लता मंगेशकर ने गाया था। आज भी जब माएं अपने बच्चों को सुलाने की कोशिश करती हैं तो इसी गाने लो लूप पर चला देती हैं। 70 के दशक के बाद के हर बच्चे के लिए ये गाना खास याद है। इस गाने को सुनकर बच्चे बड़े हुए। इस गाने को लिखने वाले गीतकार हैं आनंद बक्शी और म्यूजिक दिया था आरडी बर्मन ने।

## आनंद बक्शी के बच्चों के लिए गीत

आनंद बक्शी ने बच्चों के लिए कई यादगार गाने लिखे। उनकी इस लिस्ट में रोते रोते हंसना सीखो, मेरे पास आओ मेरे दोस्तों, तू कितनी अच्छी है, रे मा मा रे मा मा रे, चंदा मामा से प्यारा जैसे गाने शामिल हैं। इसके अलावा आनंद बक्शी ने हिंदी फिल्मों में 50 के दशक से लेकर 90 के दशक तक काम किया। उन्होंने इस दौर के सभी बड़े कलाकारों के लिए गाने लिखे। उनके लिखों इन गीतों ने ऑडियंस के बीच अपनी एक अलग पहचान बनाई। आज भी ये गाने सुने और पसंद किए जाते हैं।

## कहीं हुआ था पूरे परिवार का मर्डर तो कहीं भटकती आत्मा

# हॉलीवुड की सबसे डरावनी फिल्में सच्ची घटनाओं पर बेस्ड

*नई दिल्ली। फिल्मों की दुनिया में हॉरर कहानियां लोगों को काफी पसंद आती हैं। अक्सर ये फिल्में काल्पनिक होती हैं, जिसमें एक ऐसी भयावह दुनिया की झलक होती है, जिसके बारे में अक्सर हमने पढ़ा या सुना होता है। हालांकि, हॉलीवुड में कई ऐसी फिल्में बनी हैं, जो सच्ची घटनाओं पर बेस्ड रही हैं। फिल्म को लेकर दर्शकों में खौफ का पारा तब ऊपर चला जाता है जब स्क्रीन पर लिखा नजर आता है- सच्ची घटनाओं से प्रेरित।और जब ऐसी घटनाओं पर फिल्में बनती हैं तो बिना वीएफएक्स, बिना स्पेशल इफेक्ट्स के भी लोग इसलिए खिंचे चले आते हैं, क्योंकि सच्ची घटनाओं से जुड़ी हैं। वे जानते हैं कि ये फिल्म किसी की कल्पना से उपजी कोई भी कहानी नहीं है, जिसे जबरदन भयावह बनाने की कोशिश की गई हो।*

**द कंज्यूरिंग (2013) :** प्रोविडेंस जर्नल के मुताबिक, ये फिल्म 'द कंज्यूरिंग' 1971 में रोड आइलैंड के राउंड टॉप रोड पर एक फार्महाउस में रहने आए रोजर और कैरोलिन पेरॉन की कहानी है। ये फिल्म इनकी रियल लाइफ अनुभवों पर बेस्ड है जिन्हें फार्महाउस में कुछ पैरानॉर्मल घटनाओं को महसूस किया। उन्होंने इसकी सूचना पैरानॉर्मल इन्वेस्टिगेटर एड और लॉरेन वॉरेन को दी और वे उनके घर पहुंचे। जेम्स वान द्वारा निर्देशित और पैट्रिक विल्सन और वेरा फार्मिंगा स्टारर यह फिल्म इतनी खूबसूरती से डर और भय का माहौल बनाती है, जिससे हर डरावना सीन बिल्कुल रियल और प्रभावी लगता है।

**द एमिटीविल हॉरर (1979) :** ये फिल्म न्यूयॉर्क में पूरे परिवार की गोली मारकर हत्या की कहानी पर बेस्ड है। एनबीसी न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक, 13 नवंबर 1974 को रोनाल्ड डेफियो जूनियर ने न्यूयॉर्क के एमिटीविले में 112 ओशन एवेन्यू स्थित अपने घर में अपने पूरे परिवार की गोली मारकर हत्या कर दी। बाद में उसने दावा किया कि उसे कुछ आवाजें सुनाई दे रही थीं जो उसे ऐसा करने के लिए कह रही थीं। एक साल बाद, जॉर्ज और कैथलीन लुट्ज़ अपने तीन बच्चों के साथ उस घर में रहने आए और उन्होंने इतनी भयानक भुतहा गतिविधियों की शिकायत की कि एक महीने बाद ही वे आधी रात को घर छोड़कर भाग निकले। जेम्स ब्रोलिन और मार्गोट किडर इस फिल्म में लीड रोल में नजर आए।



**एनाबेल (2014) :** ऑल दैट्स इंटरेस्टिंग की रिपोर्ट्स के मुताबिक, असली एनाबेल कोई चीनी मिट्टी की गुड़िया नहीं बल्कि एक रैगडी ऐन (रैगडी ऐन कपड़े की एक अमेरिकी गुड़िया है जिसे जॉनी ग्रुएल ने 1915 में बनाया था और 1918 की एक कहानी की किताब में पेश किया गया था।बचपन की मासूमियत, पुरानी यादों और सुकून का प्रतीक माना जाका है इसे)। अब 'एनाबेल' की असली कहानी को दो युवतियों ने एड और लॉरेन वॉरेन के ध्यान में लाया था। उनका कहना था कि इसमें एक दयालु बच्चे की आत्मा है, लेकिन वॉरेन कपल को समझ आया कि ये आत्मा एक मानव शरीर की तलाश कर रही थी। भूत-प्रेत भगाने की प्रक्रिया शुरू की गई और गुड़िया को कनेक्टिकट में वॉरेन के गुप्त म्यूजियम में ले जाया गया, जहां वो आज तक बंद है।

*__द एक्सोरसिस्ट (1973) :__ ये कहानी 1949 की है, जिसमें मैरीलैंड की एक छोटी सी लड़की पर भूत भगाने के की प्रक्रिया से जुड़ी है। इस केस को प्रीस्ट द्वारा डीटेल में रेकॉर्ड भी किया गया था लेकिन किसी ने इसपर संतोषजनक बात नहीं कही। फिल्म एक ऐसी युवती की कहानी है जो अचानक हिंसक रूप ले लेती है। डर और भय के कारण उसकी मां डॉक्टरों के चक्कर लगाने के बाद आखिरकार मदद लेने चर्च की ओर रुख करती हैं।*

*__स्क्रीम (1996) :__ पीपुल मैगजीन के मुताबिक, राइटक केविन विलियमसन को 'स्क्रीम' का विचार अगस्त 1990 में तब आया जब उन्हें भयानक गेन्सविले हत्याकांड के बारे में पता चला। इसमें डैनी रोलिंग, जिसे गेन्सविले रिपर के नाम से जाना जाता है ने कॉलेज के स्टूडे को निशाना बनाकर हत्याएं कीं। यह घटना पूरे देश में सनसनी बन गई। फिल्म एक छोटे से कस्बे में एक रहस्यमय हत्यारे द्वारा पीछा की जा रही एक किशोरी की कहानी है। वेस क्रेवन द्वारा निर्देशित और नेव कैंपबेल, कोर्टनी कॉक्स और डेविड आर्केट अभिनीत यह फिल्म अब तक की सबसे डरावनी फिल्मों में से एक बन गई।*

## खबर संक्षेप

### गौ सम्मान आह्वान, चल रहा हस्ताक्षर अभियान, 27 को रैली के साथ सौंपेंगे ज्ञापन




**जांजगीर-चांपा।** गौ सम्मान आह्वान अभियान को लेकर जिले में हस्ताक्षर अभियान जोर-शोर से चल रहा है, जिसको लेकर गौ सेवा से जुड़े युवा जिले के जनप्रतिनिधि, व्यापारी, कर्मचारी, कृषक सहित सभी वर्गों के पास पहुंचकर हस्ताक्षर अभियान चला रहे है। व्यापक स्तर पर चल रहे हस्ताक्षर अभियान के तहत 27 अप्रैल को तहसील स्तर पर सभी जगहों पर रैली निकाली जाएगी और देश के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री व प्रदेश के राज्यपाल व मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा जाएगा। इस अभियान के तहत गौ माता के लिए सेवा, सुरक्षा और सम्मान दिलाने की पहल होगी। सेवा के तहत उचित अनुसंधान और अनुदान, सुरक्षा के तहत देश में गौ हत्या बंद होने और सम्मान के तहत गौ माता को राष्ट्र माता का अधिकार दिलाने हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है। इसी को लेकर ज्ञापन सौंपा जाएगा। उन्होंने सरकार से आग्रह किया है कि निराश्रित गौवंश के लिए संचालित गौशालाओं को अनुदान दिया जाए, जिससे निराश्रित गौवंश की उचित सेवा हो सके। साथ ही आरक्षित गौचर भूमि को अतिक्रमण से मुक्त करने हेतु कार्यवाही करने, गौशालाओं को मनरेगा से जोड़ने, मनरेगा के तहत गौशाला का निर्माण तथा गोचर विकस बोर्ड की स्थापना किया जावे।

### छापोरा-सक्ती सड़क निर्माण में बरती जा रही अनियमिता को लेकर युवा कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन



**सक्ती।** युवा कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार 23 अप्रैल को छापोरा से शक्ति के बीच चल रहे सड़क निर्माण कार्य में बरती जा रही अनियमितता एवं पानी छिड़काव की मांग को लेकर प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने बताया कि वर्तमान में छापोरा से शक्ति तक सड़क निर्माण कार्य चल रहा है, लेकिन कार्य के दौरान सुरक्षा और जनसुविधा के मानकों की अनदेखी की जा रही है। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य रूप से दो महत्वपूर्ण मांगों पर प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया। सड़क निर्माण के दौरान उड़ने वाली धूल से स्थानीय निवासियों, स्कूली बच्चों और राहगीरों को भारी स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। युवा कांग्रेस ने मांग की है कि कार्य स्थल पर नियमित रूप से पानी का छिड़काव सुनिश्चित किया जाए ताकि धूल की समस्या से निजात मिल सके। सड़क निर्माण में मानकों का कड़ाई से पालन हो, ताकि आम जनता के टैक्स के पैसों का सही उपयोग हो और सड़क लंबे समय तक सुरक्षित व टिकाऊ बनी रहे। युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन और निर्माण एजेंसी ने इन मांगों पर तत्काल संज्ञान नहीं लिया और निर्माण कार्य में सुधार नहीं किया, तो युवा कांग्रेस जनहित में उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। इस अवसर पर युवा कांग्रेस के जिले के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### विशाल पाटले ने हासिल की 4 डान ब्लैक बेल्ट



**अकलतरा।** मार्शल आर्ट्स के क्षेत्र में ग्राम गढोला निवासी प्रतिभाशाली कराते खिलाड़ी विशाल पाटले ने प्रतिष्ठित 4 डान ब्लैक बेल्ट प्राप्त कर ग्राम विकासखंड एवं जिले का गौरव बढ़ाया है। विशाल पाटले ने यह उच्च स्तरीय ग्रेडिंग 17 अप्रैल से 19 अप्रैल तक आयोजित विशेष परीक्षा में खेत्रो महानंद के मार्गदर्शन तथा भारत कराते अकादमी के तत्वावधान में प्राप्त की। वर्षों की कठिन मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास के बल पर उन्होंने यह मुकाम हासिल किया।कराते जगत में 4 डान (योन्दान) ब्लैक बेल्ट को अत्यंत उच्च तकनीकी स्तर माना जाता है, जो खिलाड़ी की विशेषज्ञता, अनुभव और खेल के प्रति समर्पण का प्रतीक है। ग्रेडिंग के दौरान विशाल ने कराते की उन्नत तकनीकों, कौशल और उत्कृष्ट प्रदर्शन से निर्णायक मंडल को प्रभावित किया। विशाल पाटले ने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों और परिवार को देते हुए कहा कि यह उपलब्धि सभी के सहयोग और आशीर्वाद का परिणाम है। उन्होंने कहा कि कराते केवल खेल नहीं, बल्कि अनुशासन और आत्मविश्वास से भरी जीवनशैली है। आगे वे अधिक से अधिक बच्चों को प्रशिक्षण देकर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के लिए तैयार करना चाहते हैं। इस उपलब्धि पर कराते संघ के पदाधिकारी गिरिराज गढ़ेवाल, जितेंद्र सिंह, अमित मंडल, सुमित खूंटे, दीपक दास, शिवा निर्मलकर, आकांक्षा गुप्ता एवं अविनाश बंजारे सहित खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों ने बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।

मापदण्ड के अनुरूप कार्य नहीं होने पर व्यक्त की नाराजगी, उपयंत्री को कारण बताओ नोटिस जारी करने दिए निर्देश

# निर्माणाधीन इण्डोर स्टेडियम, पीडीएस गोदाम व गुरुघासीदास मंच का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

कलेक्टर जन्मेजय महोबे गुरुवार 23 अप्रैल को पामगढ़ ब्लॉक के दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने पामगढ़ में निर्माणाधीन इण्डोर स्टेडियम एवं ससहा में पीडीएसम गोदाम एवं गुरुघासीदास मंच का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मापदण्ड के अनुरूप निर्माण कार्य नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त करते उप-यंत्री को कारण बताओ नोटिस जारी करने कार्यादेश दिया। इसके अलावा कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान पीडीएस. गोदाम के पास सी.सी.रोड के बीच में विद्युत खम्भा आ जाने के कारण पंचायत सचिव को फटकार लगाई।

गुरुवार 23 अप्रैल को कलेक्टर जन्मेजय महोबे पामगढ़ ब्लॉक पहुंचे। उन्होंने मनरेगा मद से 10 लाख रूपये की लागत से ग्राम पंचायत ससहा में निर्माणाधीन पीडीएस गोदाम का निरीक्षण किया। मापदण्ड के अनुरूप निर्माण नहीं होने पर अप्रसन्नता व्यक्त एवं पंचायत सचिव तथा जनपद कार्यालय के प्रभारी उप-यंत्री को शीघ्र मापदण्ड के अनुरूप कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिया गया। इसी प्रकार ग्राम ससहा के मेला ग्राउण्ड में विधायक निधि से 10 लाख रुपए की

**सीसी रोड के बीच में विद्युत खम्भा आने पर पंचायत सचिव को लगाई फटकार**



निर्माण कार्यों का निरीक्षण करते कलेक्टर जन्मेजय महोबे।

लागत से निर्माणाधीन गुरूघासीदास मंच का निरीक्षण किया गया। ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग द्वारा बनाये जा रहे गुरु घासीदास मंच गुणवत्ताहीन पाया गया। वहीं पर्याप्त तराई नहीं होने पर उप-यंत्री एम.एल.भारती पर नाराजगी व्यक्त किया एवं गुणवत्तापूर्वक कार्य कराने निर्देशित किया गया। कलेक्टर ने उप-यंत्री को उक्त लापरवाही के लिए कारण बताओ नोटिस जारी करने कार्यादेश दिया। इसके बाद कलेक्टर जन्मेजय महोबे ग्राम ससहा में ही निरीक्षण के दौरान पुराने आंगनबाड़ी एवं अन्य बिल्डिंग को नियमानुसार डिस्मेंटल करने एवं पंचायत सचिव द्वारा आंगनबाड़ी निजी भवन में लगने संबंधी जानकारी दिये जाने पर नवीन आंगनबाड़ी भवन का प्रस्ताव तैयार कर शीघ्र भेजने का निर्देश दिया गया। कलेक्टर श्री महोबे ने निरीक्षण के दौरान पीडीएस. गोदाम के पास सी.सी.रोड के बीच में विद्युत खम्भा आ जाने के कारण उक्त लापरवाही के लिए पंचायत सचिव को फटकार लगाई तथा विद्युत विभाग से संपर्क कर विद्युत खम्भा को किनारे लगाने के लिए कार्यवाही करने निर्देशित किया गया। कलेक्टर ने पामगढ़ ब्लाक मुख्यालय डी.एम.एफ. मद से 2 करोड़ रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति से निर्माणधीन इण्डोर स्टेडियम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कॉलोनी के अहाते के अंदर अवैध अतिक्रमण कर लगाये गये बाड़ी को हटाने हेतु निर्देशित किया। इण्डोर स्टेडियम के मुख्य द्वार के आगे लैण्ड स्केपिंग का कार्य कराये जाने हेतु निर्देशित किया। सुशासन तिहार के मध्य उक्त भवन को लोकार्पण हेतु पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया गयां। इण्डोर स्टेडियम के आस पास फैले गंदगी के साफ-सफाई हेतु मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत पामगढ़ को निर्देशित किया गया। कलेक्टर श्री महोबे ने ग्राम पंचायत कमरीद के आश्रित ग्राम देवरघटा के रेत घाट का निरीक्षण किया एवं सख्त निर्देश दिया कि नदी के किसी भी घाट से अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन पर तत्काल गौण खनिज नियम के तहत कार्यवाही किया जावे। उन्होंने उपस्थित सरपंच को भी निर्देशित किया कि अवैध उत्खनन की स्थिति में तत्काल सूचना विभाग को देवें।



लोगों को जागरुक करते फायर एंड सेफ्टी विाग के कर्मचारी।

## फायर एंड सेफ्टी विभाग ने ऊंचाई पर फंसे व्यक्ति के रेस्क्यू का प्रस्तुत किया डेमो

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

■ जेएसडब्ल्यू महानदी पावर कंपनी में राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह का आयोजन

जेएसडब्ल्यू महानदी पावर कंपनी लिमिटेड परिसर में फायर एंड सेफ्टी विभाग द्वारा नेशनल फायर सर्विस सप्ताह का आयोजन 14 से 21 अप्रैल तक किया गया। इस दौरान प्लांट में फायर सेफ्टी क्विज, स्लोगन, पोस्टर प्रतियोगिता, मॉक ड्रिल फायर टीम द्वारा प्रस्तुत किया गया। इन सभी कार्यक्रमों में प्लांट के कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। ऊंचाई पर कार्य के दौरान फंसे हुए व्यक्ति के रेस्क्यू का डेमो उद्योगी टीम के द्वारा प्रस्तुत किया गया। इसके अलावा, फायर टीम द्वारा प्लांट परिसर के बाहर अस्पतालों एवं स्कूलों में जाकर फायर सेफ्टी डेमो भी प्रस्तुत किए गए, जिससे आम जनता में अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा सके। समापन समारोह के दौरान प्लांट हेड अश्विनी मित्तल तथा अन्य विभागों के प्रमुख उपस्थित रहे। इस अवसर पर फायर टीम द्वारा विभिन्न प्रकार के फायर सेफ्टी डेमो प्रस्तुत किए गए, जिनकी प्लांट हेड द्वारा सराहना की गई तथा सभी प्रतिभागियों एवं फायर टीम को उपहार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।अंत में, प्लांट हेड ने सभी कर्मचारियों को सुरक्षा के साथ कार्य करने का संदेश दिया तथा यह भी कहा कि यदि कोई कर्मचारी असुरक्षित तरीके से कार्य करता हुआ दिखाई दे, तो उस कार्य को तुरंत रोकने का आदेश दिया गया।

## भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर सुंदरकांड पाठ व महाआरती

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवागढ़

■ भगवान परशुराम के तैल चित्र पर वैदिक मंत्रों से हुई पूजा-अर्चना

भगवान परशुराम ब्राह्मण विकास समिति द्वारा अक्षय तृतीया भगवान परशुराम प्राकट्य दिवस के सुअवसर पर विप्र हायर सेकेंडरी स्कूल सेमरा में 20 अप्रैल को सामूहिक सुंदरकांड पाठ एवं भगवान परशुरामजी की महाआरती का आयोजन जिलाध्यक्ष पं धनेश मिश्रा के नेतृत्व में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विप्रकुलभूषण भगवान परशुराम के तैलचित्र पर वैदिक मंत्रों से पूजार्चना कर किया गया। मंत्रोच्चार



कार्यक्रम में उपस्थित विप्र समाज के लोग।

पं. शम्भू प्रसाद गौरहा द्वारा किया गया। तत्पश्चात विप्रजनों के द्वारा सामूहिक रामचरित मानस सुंदरकांड का पाठ किया गया। भगवान परशुराम के चरित्र पर प्रकाश डालते हुए संस्थापक पं. मनोज कुमार तिवारी ने कहा कि भगवान परशुराम पितृभक्ति, मातृभक्ति,गुरुभक्ति,गौ भक्ति के सर्वश्रेष्ठ उदाहरण हैं। जिन्होंने शास्त्रज्ञानके साथ गौ रक्षा के लिए फरसा भी उठाया और परशुराम कहलाये। जिलाध्यक्ष पं. धनेश मिश्रा ने कहा कि भगवान परशुराम शौर्य की प्रतिमूर्ति हैं। अपने पिता जमदग्नि , माता रेणुका ,गुरु भगवान शिव तथा गौ माता के प्रति अगाध श्रद्धा के पुजारी हैं। विप्र जनों द्वारा सुंदर कांड पाठ के पश्चात हनुमान चालीसा एवं श्री परशुराम चालीसा का भी पाठ किया गया। पाठ के पश्चात महाआरती एवं महाप्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर पं. तोषण प्रसाद तिवारी ,पं. विजय दुबे ,पं. शैलेश दुबे, पं. भुवनेश्वर चौबे ,पं. शम्भू प्रसाद गौरहा , पं. विद्याभूषण चौबे पं०संजय दुबे,पं०आयुष गौरहा , पं०अनमोल मिश्रा , पं०आयुष गौरहा,पं०प्रभाकर मिश्रा पं००आयुष चौबे, पं. प्रतीक चौबे ,अनुष्का मिश्रा ,अनुराग मिश्राआदि विप्र समाज के लोग उपस्थित रहे।

## ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना पहली प्राथमिकता : यादव

**जैजैपुर।** जनपद पंचायत जैजैपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तजेश्वर यादव ने अब तक के कार्यकाल में शासन की योजनाओं के तहत विकास निर्माण कार्य को गति देने की बात कही। कलेक्टर अमृत विकास तोपनो एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी वासु जैन के मार्गदर्शन में शासन के जनकल्याण कारी योजनाएं को समाज के जरुरत मंद अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने और उसका लाभ दिलाने किसी भी प्रकार की कोई कसर नहीं छोड़ा जा रहा है। वहीं जनप्रतिनिधियों से समन्वय बनाकर विकास एवं निर्माण कार्य को सुचारू रूप से गति दिया जा रहा है, जिसके तहत उन्होंने ग्राम पंचायत के मूलभूत सुविधाएं के निराकरण को प्रथम प्राथमिकता बताया। गांव की गलिया किचड़ मुक्त हो इसके लिए सी



सीरोड का निर्माणवर्षा काल में पानी निकासी की व्यवस्था हेतु नाली निर्माण कार्य पेयजल समस्या के निराकरण के लिए बोरवेल एवं हेन्डपम्प उत्खनन छतदार मुक्तीधाम स्कूलों में हाता निर्माण सहित अनेक ऐसे कार्य है जो ग्रामीण जनों को सीधा प्रभावित करता है। साथ ही गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले आवास हीन व्यक्तियों को प्रधानमंत्री आवास का लाभ दिलाना पेंशन योजना राष्ट्रीय परिवार सहायता गांव में पलायन रोकने एवं जरुरत मंद व्यक्ति को रोजगार उपलब्ध करानेराष्ट्रीय रोजगार गारंटी कार्य को गति दिया जा रहा है। इस ओर टीम के द्वारा सतत निगरानी किया जाता है। समय समय पर कार्य के प्रगति से अवगत करा कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ से मार्गदर्शन लिया जाता है।

## फेडरेशन के तत्वावधान में होगा श्रमिक दिवस का आयोजन, हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन जिला इकाई शक्ति के तत्वाधान में 1 मई को जिला स्तरीय श्रमिक दिवस कार्यक्रम का भव्य आयोजन होगा। इसकी तैयारी के लिए 22 अप्रैल को समय 5 बजे स्थान रेस्ट हाउस सक्ती में प्रमुख संरक्षक रमेश तिवारी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई।

जिला संयोजक राधेलाल भारद्वाज ने कार्यक्रम के संबंध में विस्तार से चर्चा करते हुए बताया की नवगठित जिला सक्ती में दुर्भाग्य जनक ढंग से इस वर्ष तहसील डभरा के ग्राम सिंघी तराई में 14 अप्रैल को वेदांता पावर प्लांट में 23 मजदूरों की घटित घटना में निधन हो गया और कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इस घटना से छत्तीसगढ़ ही नहीं बल्कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी श्रद्धांजलि प्रकट करते हुए राहत राशि की घोषणा किए। ऐसी हालत में जिले के प्रबुद्ध वर्ग का जवाबदारी बनता है की अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस कार्यक्रम 1 मई को भव्य मनाया जाए। प्रमुख संरक्षक रमेश तिवारी ने कहा की हर वह व्यक्ति मजदूर है जो अपने काम के बदले पैसा लेता है चाहे वह शारीरिक श्रम हो या मानसिक श्रम। कर्मचारी नेता मनोज राठौर,



विकास चौबे ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस कार्यक्रम में कारपेंटर, बढाई ,राजमिस्त्री, पेंटर, वेल्डर, मोची ,कुम्हार ,लोहार, स्वच्छता दीदी ,ऑटो चालक, रिक्शा चालक, ठेला वाला, रसोईया और घर में बर्तन पोछा लगाने वाले लोगों को सम्मानित किया जाए, जिसका सभी ने ताली बजाकर स्वागत किया। बैठक में जिला संयोजक राधेलाल भारद्वाज, प्रमुख संरक्षक रमेश तिवारी, राजपत्रित अधिकारी संघ जिला अध्यक्ष एवं जिला शिक्षा अधिकारी डाक्टर कुमुदिनी द्विवेदी, राधेश्याम साहू, मेला राम निर्मलकर, विजय बहादुर सिंह, खगेश कुमार पटेल, गुरु प्रसाद जायसवाल, रघुनंदन राठौर, राम सिंह सिदार, संतोष सोनी, विकास चौबे, रमेश देवांगन, मनोज कुमार राठौर, श्याम कुमार सोने, ऑटो सॉन्ग के पूर्व अध्यक्ष भगवान दास धिरहे ,चंद्रिका प्रसाद डनसेना आर के रजक अशोक कुमार राठौर आदि उपस्थित थे।


## केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा मण्डल से मिली लायंस स्कूल को संबद्धता

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

■ नगर के छात्र जगत में खुशी की लहर, लायंस शिक्षण समिति ने किया हर्ष व्यक्त

अंतर्राष्ट्रीय समाज सेवी संस्था लायंस इंटरनेशनल की स्थानीय इकाई लायंस क्लब चांपा द्वारा संचालित लायंस इंग्लिश हायर सेकेण्ड्री स्कूल को लंबे इंतजार के बाद आखिरकार केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा संबद्धता प्रदान कर दी गयी है। इससे नगर के छात्रों में प्रसन्नता देखी जा रही हैं, वहीं लायंस क्लब शिक्षण समिति ने स्कूल को सी.बी.एस.ई. से संबद्धता प्राप्त होने पर हर्ष व्यक्त किया है।

उल्लेखनीय है कि अंतर्राष्ट्रीय समाज सेवी संस्था लायंस इंटरनेशनल की स्थानीय इकाई लायंस क्लब चांपा द्वारा वर्ष 1978 से लगातार नगर तथा जिले के सर्वप्रथम इंग्लिश मीडियम स्कूल के रूप में लायंस इंग्लिश हायर सेकेण्ड्री




लायंस इंग्लिश हायर सेकेण्ड्री स्कूल भवन

स्कूल का संचालन किया जा रहा है। स्कूल का संचालन प्रारंभ हुए आज 58 वर्ष पूर्ण होने पर एक नवीन उपलब्धि के रूप में नया आयाम जुड़ा है। स्कूल को आज 23 अप्रैल को केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा मण्डल से संबद्धता प्रदान कर दी गयी है। इस आशय की जानकारी गुरूवार को स्कूल प्रबंधन को सी.बी.एस.ई. के पोर्टल द्वारा प्रदान की गयी है। स्कूल को केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा मण्डल से संबद्धता क्रमांक-3330572 प्रदान किया गया है। इस बात की जानकारी स्कूल प्रबंधन को मिलते ही उनमें हर्ष की लहर दौड़ गयी। साथ ही स्कूल से जुडे.छात्रों सहित नगर के शिक्षा जगत में भी प्रसन्नता का माहौल देखा जा रहा है। ज्ञात हो कि स्कूल प्रबंधन विगत एक वर्ष से केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा मण्डल से संबद्धता प्राप्त करने के लिए प्रयासरत था। स्कूल प्रबंधन समिति का लगातार एवं अनवरत प्रयास आखिरकार आज 23 अप्रैल को रंग लाया जब सी.बी.एस.ई. से लायंस इंग्लिश हायर सेकेण्ड्री स्कूल को संबद्धता प्रदान कर दी गयी। इस पर लायंस क्लब शिक्षण समिति के चेयरमेन लायन रामप्रपन्न देवांगन, प्राचार्य श्रीमती अजिता वी. के., उपाध्यक्ष लायन डॉ. के. पी. राठौर, सचिव लायन सी. ए. सुरेश अग्रवाल सहित सदस्य लायन एस. एन. अग्रवाल, लायन संतोष कुमार सोनी, लायन राजेश अग्रवाल, लायन गिरधारी लाल अग्रवाल, लायन डॉ. योगेन्द्र शर्मा, लायन बजरंग अग्रवाल, लायन नंदकुमार देवांगन ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा है कि स्कूल को केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा मंण्डल से संबद्धता प्राप्त होने पर यहाँ अध्ययनरत बच्चों को एक समान पाठ्यक्रम होने से अन्य राज्यों में भी शिक्षा ग्रहण के लिए जाने पर पढ़ाई करने में आसानी होगी। उन्हें उच्च स्तर की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त होने पर राष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धाओं में भी लाभ होगा। इसके अलावा छात्रों को केन्द्रीय पाठ्यक्रम होने से प्रतियोगी परीक्षाओं में मदद मिलेगी और निरंतर मूल्यांकन होने से उनकी शिक्षा की गुणवत्ता में भी सुधार होगा। स्कूल को सी.बी.एस.ई. की संबद्धता प्राप्त होने पर लायंस क्लब के सदस्यों ने भी प्रसन्नता जाहिर की है।

## नशे के दुष्परिणाम से ग्रामीणों को कराया गया अवगत

हरिभूमि न्यूज ⏭ तालदेवरी

■ तालदेवरी में पुलिस ने जनजागरूता के माध्यम से नशा मुक्ति व साइबर सुरक्षा पर दिया संदेश

ग्राम तालदेवरी में विशेष नशा मुक्ति एवं साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पुलिस द्वारा लगातार जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में गुरुवार 23 अप्रैल को थाना बिर्रा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तालदेवरी में विशेष नशा मुक्ति एवं साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व थाना प्रभारी बिर्रा निरीक्षक जयकुमार साहू ने किया। इस दौरान ग्रामीणों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए अवैध शराब के खिलाफ सख्त संदेश दिया गया। पुलिस ने बताया




कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि परिवार और समाज को भी प्रभावित करता है। साथ ही साइबर सुरक्षा को लेकर भी विस्तृत जानकारी दी गई। ग्रामीणों को ऑनलाइन धोखाधड़ी, साइबर अपराध, डिजिटल अरेस्ट जैसे मामलों से सतर्क रहने की सलाह दी गई। पुलिस ने विशेष रूप से कहा कि किसी भी अंजान लिंक पर क्लिक न करें और किसी के साथ अपना ओटीपी या निजी जानकारी साझा न करें।पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जिले में अवैध शराब, नशा कारोबार और अन्य सामाजिक अपराधों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और ऐसे जनजागरूकता कार्यक्रम आगे भी आयोजित किए जाएंगे।कार्यक्रम में ग्राम मितानिन समूह, सरपंच, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, भीम आर्मी प्रदेश महासचिव कलेश्वर खूंटे सहित ग्राम के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

### मंडी उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा 26 को, अभ्यर्थियों के लिए दिशा निर्देश जारी

**सक्ती।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल, व्यापम द्वारा 16 जिलों में 26 अप्रैल को छत्तीसगढ़ राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड अंतर्गत उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। इस परीक्षा में लगभग 2 लाख 47 हजार अभ्यर्थी शामिल हो रहे हैं। जिलावार अभ्यर्थियों एवं परीक्षा केन्द्रों की संख्या संलग्न सूची के अनुसार है। यद्यपि यह परीक्षा 16 जिलों में आयोजित की जा रही है, तथापि इसमें राज्य के सभी 33 जिलों के अभ्यर्थी सम्मिलित हो रहे हैं। अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं, अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि वे परीक्षा के एक दिन पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र का अनिवार्य रूप से अवलोकन कर लें, ताकि परीक्षा दिवस पर किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। साथ ही अभ्यर्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम 2 घंटे पूर्व परीक्षा केन्द्र में पहुंचना होगा, जिससे उनकी फ्रिस्किंग एवं फोटो युक्त मूल पहचान पत्र से सत्यापन की प्रक्रिया समय पर पूर्ण की जा सके। यह परीक्षा प्रातः 10 बजे से 12.15 बजे तक आयोजित की जाएगी। अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार प्रातः 9.30 बजे बंद कर दिया जाएगा, जिसके पश्चात किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।

